#startupindia

## पात्रता मापदंड

## चरणों का विवरण और उनकी पात्रता मानदंड इस प्रकार हैं:

| EngSUI प्रस्ताव | पात्रता |
|---|---|
| **चरण-I (नवोन्मेष चुनौती अनुदान)** | |
| श्रेणी-I:<br>संकल्पना/प्रोटोटाइप/मॉडल का प्रमाण-<br>अधिकतम सहायता प्रति प्रस्ताव 2 लाख रुपये या कुल प्रस्ताव लागत का 100%, जो भी कम हो, तक सीमित है \| | छात्र अन्वेषक सहित कोई भी निवासी भारतीय नागरिक अपने नए विचार को प्रदर्शन योग्य मॉडल/प्रोटोटाइप में विकसित करने के लिए सहायता प्राप्त कर सकता है। |
| श्रेणी-II :<br>कार्य योग्य मॉडल का निर्माण/प्रक्रिया की जानकारी/जांच एवं परीक्षण/पेटेंटिंग/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण आदि (इनोवेशन इनक्यूबेशन)-<br>अधिकतम सहायता प्रति प्रस्ताव 20 लाख रुपये या कुल प्रस्ताव लागत का 100%, जो भी कम हो, तक सीमित है। | कोई भी निवासी भारतीय नागरिक जिसके पास नवीन विचार हों |
| **चरण-II (स्टार्ट अप प्रस्ताव- सीड फंड)** | |
| अधिकतम सहायता प्रति प्रस्ताव 1 करोड़ रुपये तक सीमित है जो कुल प्रस्ताव लागत का 100% तक सीमित है। उद्यम निर्माण की दिशा में विपणन योग्य उत्पाद/प्रक्रिया विकसित करने के लिए पेटेंटिंग/डिज़ाइन पंजीकरण/ट्रेडमार्क रजिस्ट्री/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सहित प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों को बढ़ाने के लिए सहायता प्रदान की जा सकती है। | स्टार्टअप संस्थाएं जिन्होंने किसी सरकारी संस्थान या एजेंसी के सहयोग से संकल्पना के प्रमाण का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है।<br>**वैध डीआईपीपी/डीपीआईआईटी प्रमाणपत्र** |
| **प्रत्यक्ष इक्विटी फंड** | |
| **क) आयोजक संस्थान के माध्यम से इक्विटी वितपोषण (ईएफ-एचआई):**<br>अधिकतम सहायता प्रति प्रस्ताव 5 करोड़ रुपये तक सीमित है। उद्यम सृजन की दिशा में स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष इक्विटी फंड प्रदान किया जा सकता है। | स्टार्टअप संस्थाएं जिन्होंने विपणन योग्य उत्पाद/प्रक्रिया का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है।<br>**वैध डीआईपीपी/डीपीआईआईटी प्रमाणपत्र** |
| **ख) आयोजक संस्थान के अलावा इक्विटी वितपोषण (ईएफ-ओएचआई)**<br>अधिकतम सहायता प्रति प्रस्ताव 5 करोड़ रुपये तक सीमित है। | स्टार्टअप संस्थाएं जिन्होंने विपणन योग्य उत्पाद/प्रक्रिया का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है \|<br>**वैध डीआईपीपी/डीपीआईआईटी प्रमाणपत्र** |